राजस्थान विश्वविद्यालय की छात्रा अवनी लेखरा द्वारा गोल्ड मैडल जीतने के बाद आज पैराओलंपिक में ब्रॉन्ज मैडल जीता, कुलपति द्वारा बधाई।

जयपुर– 03 सितम्बर। राजस्थान विश्वविद्यालय की फाइव ईयर लॉ कॉलेज की छात्रा अवनी लेखरा ने टोक्यो पैरा ओलंपिक में देश के लिए पहला गोल्ड मैडल जीतने के बाद आज 50 मीटर एयर राइफल महिला प्रतिस्पर्द्धा में ब्रॉन्ज मैडल जीता है। विश्वविद्यालय की इस छात्रा की विश्व स्तर पर अर्जित की गई इस विशेष उपलब्धि को लेकर कुलपति प्रो. राजीव जैन ने अवनी लेखरा व उनके परिजनो को बधाई दी है व इसे राजस्थान विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उल्लेखनीय है कि अवनी लेखरा द्वारा अर्जित की गई इस विशेष उपलब्धि को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय मे एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

आज अवनी द्वारा जीते गए ब्रॉन्ज मैडल से पहले अवनी लेखरा ने टोक्यो पैरा ओलंपिक मे 10 मीटर एयर राइफल मे पहला गोल्ड मैडल जीता था। आज अवनी की इस उपलब्धि को लेकर पूरे विश्वविद्यालय समुदाय मे खुशी का वातावरण व्याप्त हो गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी